**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 15-08-2026**

- **डीआईजी0बस्ती द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर किया गया ध्वजारोहण।**

आज दिनाँक 15/08/2026को 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर श्री संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा कैंप कार्यालय पर ससम्मान ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित समस्त पुलिस बल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत का गायन किया गया।

इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को देश की अखंडता, सुरक्षा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी।

डीआईजी बस्ती द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों के त्याग, बलिदान और संघर्ष का स्मरण कराता है। यह दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**